**कार्यालय प्राचार्य उज्जैन पोलीटेकनिक महाविद्यालय उज्जैन (म0प्र0)**

क्र0 / उपोमउ / पुस्त0 / 2024 / 1978 उज्जैन दिनांक 10-09-24

## निविदा विज्ञप्ति

महाविद्यालय के पुस्तकालय में वर्ष 2024–25 में पोलीटेकनिक की (भारतीय एवं विदेशी प्रकाशकों) की तकनीकी पाठ्य पुस्तकें,संदर्भ ग्रंथ,सीडी (स्टडी मटेरियल्स) एवं अन्य पुस्तके क्रय करने हेतु निर्धारित प्रपत्र के अनुसार सीलबंद लिफाफे में दिनांक **30 / 09 / 2024** दोपहर 3:00 बजे तक निविदायें आमंत्रित की जाती है । निविदा प्रपत्र इस संस्था के कार्यालय से प्रातः 11:00 बजे से 4:30 बजे तक कार्यालयीन दिवस में रु 500 / – प्रति निविदा की दर से नगद प्राप्त कर अथवा संस्था की वेबसाईट https://gpcujjain.ac.in से डाउनलोड कर रु 500 / – का बैंक ड्राफ्ट जो **प्राचार्य उज्जैन पोलीटेकनिक, महाविद्यालय उज्जैन** को देय हो के साथ जमा की जा सकती है । निविदा की शर्ते संस्था की वेबसाईट https://gpcujjain.ac.in पर उपलब्ध है ।

Phone No.(O) 0734-2511278

RCGupta

(डा0आर0सी0गुप्ता)
प्राचार्य
उज्जैन पोलीटेकनिक महाविद्यालय उज्जैन

# कार्यालय प्राचार्य, उज्जैन पोलीटेकनिक महाविद्यालय, उज्जैन

# ग्रंथालय में पुस्तके क्रय हेतु निविदा

## निविदा प्रपत्र मूल्य रु0 500/-

***************

संस्था में जमा करने की अंतिम दि0 30/09/2024 दोपहर 3:00 बजे तक

संस्था में निविदा खोलने की दि0 30/09/2024 सायं 4:00 बजे

RCGUAN8

# कार्यालय प्राचार्य, उज्जैन पोलीटेकनिक महाविद्यालय,उज्जैन मध्यप्रदेश 456010

क्रंमाक / पुस्त0 / निविदा / 2024.............................                                    उज्जैन दि0.........................

प्रति

_______________________

_______________________

_______________________

इस महाविद्यालय मे ग्रंथालय में वर्ष **2024–245** के लिये पुस्तके क्रय किये जाने हेतु संलग्न शर्तो की पूर्ति करते हुए निम्नलिखित प्रारुप अनुसार पुस्तको के प्रकाशन मूल्य पर दी जाने वाली छूट डिस्काउन्ट आदि दर्शाते हुए अपनी निविदा सीलबंद लिफाफे मे भेजने की व्यवस्था करे।

(1) लिफाफे पर ''**पुस्तको के लिए निविदा** '' शब्द लिखा होना आवश्यक हैं।

(2) निविदा तीन लिफाफों में प्रस्तुत की जाना आवश्यक है – पहले लिफाफे में निविदा दर एवं सहायक दस्तावेज, दुसरे लिफाफे में अमानत राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट एवं इन दोनो लिफाफों को तीसरे बड़े बाहरी लिफाफे में रखा जाना चाहिये ।

(3) आपकी निविदा इस कार्यालय मे दिनांक **30 / 09 / 2024** दोपहर **3:00** बजे तक पहुॅचना आवश्यक हैं।

(4) निविदा दिनांक **30 / 09 / 2024** को प्राचार्य कक्ष मे सायं **4:00** बजे खोली जावेगी। इच्छुक फर्म प्रतिनिधि उपथित रह सकते हैं।

(5) प्रत्येक निविदा हेतु कार्यालय द्वारा प्रदत्त किये गये मूल प्रपत्र पर शुल्क जमा करने की रसीद क्र0 एवं दिनांक अनिवार्यतः अंकित करे ।

(6) निविदा के साथ शर्ते मान्य करने का अपना सहमति पत्र भी संलग्न करे ।

संलग्न :

पुस्तको की पूर्ति हेतु निविदा की शर्ते

RCGupta

(डा0आर0सी0गुप्ता)

प्राचार्य

उज्ज़ैन पोलीटेकनिक महाविद्यालय उज्जैन

## कार्यालय प्राचार्य, उज्जैन पोलीटेकनिक महाविद्यालय,उज्जैन मध्यप्रदेश 456010

## पुस्तकों की पूर्ति हेतु निविदा की शर्ते

ग्रंथालय में पुस्तको की पूर्ति हेतु देय छूट हेतु निविदॉयें (कोटेशन) आमंत्रित की जाती है। पुस्तके भारतीय एवं विदेशी प्रकाशको की होगी जिनमें पाठ्यपुस्तकें, संदर्भ ग्रंथ एवं अन्य पुस्तके सम्मिलित होगी। शर्ते निम्नानुसार है –

1. **मूल्य प्रमाण :–**
   यदि पुस्तको पर मूल्य अंकित नहीं हो तो उनके मूल्य का समुचित प्रमाण प्रस्तुत करना होगा। बिल का भुगतान प्रमाण पत्र पर निर्भर करेंगा ।
2. **सस्ते संस्करण :–**
   जिन पुस्तको के सस्ते संस्करण प्रकाशित हो उनके केवल सस्ते /Paperback संस्करण ही स्वीकार किए जावेगें।
3. प्रत्येक बिल पर यह प्रमाणित किया जाना आवश्यक होगा कि प्रदाय की गई पुस्तके नवीन संस्करण की है और उनका मूल्य प्रकाशक द्वारा घोषित सही मूल्य है।
4. विदेशी मुद्रा विनिमय दरें "गुड्स ऑफीसर्स कमेटी " द्वारा समय–समय पर यथा निर्धारित ही मान्य होगी ।
5. स्थानीय विक्रेताओं द्वारा पुस्तको का प्रदाय संस्था मे करना होगा। अन्य स्थानों के विक्रेता पुस्तको को उज्जैन में उपलब्ध करायेगें। सारा खर्च विकेता को उठाना होगा।
6. निविदा के साथ निम्न प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है अन्यथा निविदा अमान्य की जावेगी।
   (अ) जी0एस0टी0 का पंजीयन प्रमाण पत्र।
   (ब) आयकर का पिछले 03 वर्ष के रिटर्न की प्रति।
7. निविदा उसी समय मान्य होगी जब इसके साथ रू0 **10,000/– (दस हजार मात्र)** की अमानत राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट जो कि "प्राचार्य उज्जैन पोलेटिकनिक महाविद्यालय उज्जैन" को देय हो, संलग्न हों इसके अभाव मे निविदा स्वीकार नही की जावेगी।
8. अमानत राशि निम्न परिस्थितियो मे जब्त की जा सकेगी यदिः–
   (अ) विक्रेता आदेश की पूर्ति समयावधि मे या घोषित दर पर करने मे असमर्थता व्यक्त करता है।
   (ब) यदि पुरे आदेश की सप्लाय नही करता है और समयावधि बढ़ाने पर भी अपनी असमर्थता प्रकट करता है।
   (स) यदि विक्रेता माल की आंशिक आपूर्ति करता हैं।
9. जिन पुस्तकों का आदेश दिया जावेगा वही पुस्तके अच्छी हालत मे प्रदाय की जावे। फटी, अपूर्ण अथवा बुरी हालत मे प्राप्त पुस्तके विकेता को उनके खर्च पर वापस कि जावेगी।
10. किसी भी विवाद की स्थिति मे न्यायालयीन क्षेत्र उज्जैन रहेगा।
11. भुगतान भारतीय मुद्रा मे ही किया जावेगा। इस हेतु फर्म को बैंक का IFSC Code एवं बैंक खाता क्रमांक की छायाप्रति उपलब्ध कराना होगी ।
12. किसी भी प्रकार की शर्त वाली निविदायें स्वतः अमान्य मानी जावेगी।
13. निविदाओं कि दो प्रतियां देना आवश्यक है।
14. शासकीय नियमानुसार अनुसूचित जाति /जनजाति के प्रदायकर्ता को सम्पूर्ण संतुष्टि होने पर 30 प्रतिशत क्रय मे प्राथमिकता दी जावेगी।
15. अनुसूचित जाति /जनजाति के प्रदायकर्ता को निविदा के साथ जिस फर्म /दुकान या अन्य द्वारा प्रदाय किया जा रहा है को जाति संबधि दस्तावेज देना आवश्यक है अन्यथा उन्हे लाभ नही दिया जावेगा ।
16. भुगतान शासकीय नियमानुसार किया जावेगा। शासन द्वारा भुगतान पर प्रतिबंध के कारण होने वाली देरी मे संस्था जवाबदार नहीं रहेगी।
17. निविदाकर्ता डिस्काउन्ट छूट का स्पष्ट उल्लेख संलग्न निर्धारित प्रारुप में करें ।
18. आपकी निविदा फर्म के लेटर पेड पर संलग्न प्रारुप के अनुसार ही स्वीकृत की जावेगी ।
19. टेण्डर के साथ प्रकाशन केटलॉग मूल्य सहित भेजे ।
20. पुस्तक क्रय करने एवं निविदा को अंशतः या पूर्णतः स्वीकृत या अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार प्राचार्य के पास सुरक्षित है, जिसका कारण बताने के लिये बाध्यता नहीं है ।
21. किसी भी तरह के विवाद या आपत्ति या अन्यथा स्थिति मे प्राचार्य का निर्णय अंतिम होगा।

RCGupta

(डा0आर0सी0गुप्ता)
प्राचार्य
उज्जैन पोलीटेकनिक महाविद्यालय उज्जैन

:: अनुबंध पत्र ::

मैं उपरोक्त अनुबंध की शर्ते क्रमांक 01 से 21 तक मान्य करते हुये संलग्न प्रपत्र के अनुसार अपनी निविदा प्रस्तुत कर रहा हूँ ।

सीन..............................
दिनांक...........................

हस्ताक्षर फर्म मालिक / मैनेजर
फर्म की सील

---

**प्रारुप**

पुस्तक विक्रेता व प्रकाशक अपने भाव पत्र अनिवार्य रुप से निम्न बिन्दुओं को स्पष्ट करते हुए अधिकतम डिस्काउन्ट (छूट) दर्शावें ।

| क्र0 | Particulars | डिस्काउन्ट प्रतिशत | |
|---|---|---|---|
| | | English Edition | Hindi Edition |
| 1 | On Foreign Publication | | |
| 2 | On Indian Publication | | |
| 3 | On Own Publication | | |
| 4 | On Government Publication | | |
| 5 | On Other General Books | | |
| 6 | On Educational Video CD | | |
| 7 | Journals | | |

स्थान.............................
दिनांक...........................

हस्ताक्षर फर्म मालिक / मैनेजर
फर्म की सील